बच्चों के साथ पेरेंट्स ने खेला नाटक

सिटी रिपोर्टर |बच्चों की एकेडमिक और को-करिकुलर एक्टिविटीज में पेरेंट्स का महत्वपूर्ण योगदान होता है। एक ऐसा ही इनीशिएटिव द संस्कार वैली स्कूल में किया गया। पेरेंट्स का लर्निंग प्रोसेस में पार्टिसिपेशन बढ़ाने के लिए टीएसवीएस ने ग्रेड 2 के स्टूडेंट्स के पेरेंट्स के लिए एक स्पेशल असेम्बली का आयोजन किया गया। असेम्बली में स्कूल सॉन्ग के बाद पेरेंट्स द्वारा तैयार स्किट का मंचन किया गया। यहां नाटक 'इज मॉडर्न टेक्नोलॉजी (गैजेट्स) अ बून ऑन अ बैन' का मंचन किया गया। नाटक में पेरेंट्स ने दिखाया कि कैसे बच्चे बहुत सारा टाइम अब गैजेट के साथ बिताते हैं, जबकि अगर वे यह समय अपने पेरेंट्स और दोस्तों के साथ गुजारें तो बहुत सारी वैल्युएबल मेमोरीज जुटा सकते हैं। इस मौके पर पेरेंट्स के उत्साहवर्धन के लिए सभी को प्रांगण की हेड मनप्रीत भान ने थैंक्यू कार्ड दिया।